प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 03.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर अमरीका का टेरिफ घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगां उन्होंने अमरीका के राष्ट्रपति डानॅल्ड ट्रंप के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पोस्ट में यह घोषणा कीं प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका अपने मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात करना बेहद सुखद रहां उन्होंने कहा कि जब दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दो बडे लोकतंत्र मिलकर काम करते हैं तो इससे जनता को फायदा होता हैं उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से अपार अवसर भी पैदा होते हैं प्रधानमंत्री ने इस घोषणा के लिए भारत की एक अरब चालीस करोड़ जनता की तरफ से राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति आभार जतायां प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं उन्होंने कहा कि भारत ट्रंप के शांति प्रयासों का पूरा समर्थन करता हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि वे द्विपक्षीय भागीदारी को ऊंचाई पर ले जाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि आज दुनिया के सभी विकसित देश भारत से तालमेल के साथ काम करना चाहते हैं

00000

राज्यविधानसभा की कार्यवाही आज तीन दिन के अंतराल के बाद सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई इस दौरान विभिन्न विभागों से जुडे सवाल जवाब हुएं वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि राज्य में मानव और वन्य जीव संघर्ष में जान गंवाने वाले मृतक आश्रितों को अब पांच लाख की बजाय दस लाख रूपये की सहायता राशि सरकार की ओर से दी जायेगीं

....

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सदन के पटल पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–ब्ळ के वित्त और विनियोग लेखे के प्रतिवेदन रखेगीं वहीं उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट रखेंगें सदन में आज विभिन्न विभागों की अधिसूचनाएं भी प्रस्तुत की जायेंगीं विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी हैं

0000

राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रदेश में सरकारी स्कूलों की जर्जर स्थिति पर गहरी चिंता जताई हैं अदालत ने राज्य सरकार को इसका रोडमैप पेश करने के लिए 16 फरवरी तक का समय दिया हैं जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस अशोक कुमार जैन की पीठ ने ये आदेश झालावाड में हुई स्कूल दुखांतिका के बाद स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिएं अदालत में शिक्षा सचिव ने बताया कि प्रदेश में तीन हजार 768 स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं यहां नये भवन बनाये जायेंगें इसके अलावा 47 हजार शौचालयों की मरम्मत की जरूरत हैं

0000

राज्य में आज सात जिलों में बारिश का येलो अलर्ट हैं वहीं 17 जिलों में कोहरे की चेतावनी जारी की गई हैं सीकर, जयपुर, भरतपुर सहित कई जिलों में सुबह देर तक घनी धुंध छायी रहीं राष्ट्रीय राजमार्गो पर दृश्यता 50 मीटर से भी कम रहीं इस बीच प्रदेश में तापमान में बढोतरी से सर्दी का असर कम हुआ हैं सबसे कम 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान पाली में मापा गयां वहीं अन्य जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास और उससे अधिक रहां

0000

आज शब ए बारात हैं इस्लामी मान्यता के अनुसार शाबान महीने की 15 तारीख को ये पर्व मनाया जाता हैं इस मौके पर घरों और मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर इबादत का सिलसिला रातभर जारी रहेगां

0000

सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघिन एसटी–28 की मौत हो गई वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पंहुचकर शव की जांच कीं विभाग के अनुसार इसे टेरिटरी संघर्ष का मामला बताया जा रहा हैं

0000